034

**NS – 082**

# III Semester B.B.A./B.H.M. Examination, Nov./Dec. 2016
## (CBCS) (2016-17 and Onwards) (Fresh)
## LANGUAGE HINDI – III
## Natak, Sarkari Patra, Sankshepan

Time : 3 Hours                                                                                  Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या **एक** वाक्य में लिखिए ।                    **(10×1=10)**

1) सुन्दरी ने श्वेतांग से क्या प्रस्तुत करने की बात कही थी ?
2) किसने पद्मकान्त और रुद्रदेव की ओर से क्षमा याचना की ?
3) गौतम बुद्ध ने किसके द्वार पर भिक्षा की याचना की ?
4) देवी यशोधरा से मिलने कौन गया था ?
5) सुन्दरी की कितनी दासियाँ थी ?
6) राजहंसों का कलरव किसके मन को खींचता है ?
7) भिक्षुणियों के शिबिर में रहने के लिए कौन जाती है ?
8) आर्य नंद किसके साथ आखेट पर जाते हैं ?
9) बुद्ध के शिष्य का नाम क्या है ?
10) ''लहरों के राजहंस'' के रचनाकार कौन हैं ?

II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए ।                    **(2×6=12)**

1) मैं जानती हूँ आपको कैसा लग रहा है । परन्तु .... अब जबकि कुमार लौट आए हैं ... ।
2) देख, मैं फ़िर से इस विषय की चर्चा नहीं सुनना चाहती ।
3) परन्तु यह कैसे होगा ? यह बिन्दु तो कुछ ही क्षणों में सूख जाएगा, और मुझे लौटकर आने में .... ।
4) मैं आज्ञा चाहूँगा, कुमार ! और रुककर मैं राजकुमारी के उद्वेग का कारण नहीं बनना चाहता ।

**P.T.O.**

III. 'लहरों के राजहंस' नाटक में "स्त्री और पुरुष के पारस्परिक सम्बन्धों का अन्तर्विरोध निहित है" । स्पष्ट कीजिए । (1×12=12)

अथवा

'लहरों के राजहंस' नाटक के आधार पर 'नंद' पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए । (1×6=6)

1) शशांक ।

2) मैत्रेय ।

V. किन्हीं **दो** प्रश्नों को लिखिए । (2×10=20)

1) सचिव, समाज कल्याण मंत्रालय, कर्नाटक सरकार की ओर से जिल्ला अधिकारियों को एक अधिसूचना जारी कीजिए कि राज्य में मौजूदा पीने के पानी के अभाव के कारण सभी गाँवों में, महीने में आठ (8) दिन पानी को टैंकरों के द्वारा वितरित किया जाए ।

2) सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सभी राज्य सरकारों को, स्वच्छ भारत अभियान आंदोलन को पूर्ण रूप से अपने राज्यों में कार्यगत करने की सूचना देते हुए कार्यालय आदेश पत्र लिखिए ।

3) उप सचिव, मानव संसाधन तथा विकास मंत्रालय, भारत-सरकार की ओर से सचिव, शिक्षा मंत्रालय, तमिलनाडु सरकार को राज्य में हो रहे हिन्दी प्रचार अभियान कार्यक्रम की प्रगती का विवरण माँगते हुए एक सरकारी पत्र लिखिए ।

VI. **एक** तिहाई शब्दों में शीर्षक के साथ संक्षिप्तीकरण कीजिए । (1×10=10)

आधुनिक व्यवसाय में ग्राहक का बड़ा महत्त्वपूर्ण स्थान है । वह युग बीत गया जबकि अर्थव्यवस्था उत्पादन-प्रधान थी और व्यवसायी के बिना किसी कठिनाई के वह सब कुछ बेच लेता था, जो वह उत्पन्न करता था । किन्तु आजा व्यावसायी को वह वस्तु बेचनी पडती है, जिसे ग्राहक चाहता है । फलत: वर्तमान अर्थव्यवस्था में 'ग्राहक प्रधान' हो गया है । पहले ग्राहक का कोई महत्त्व नहीं था किन्तु आज ग्राहक बाज़ार का राजा माना जाता है । आज का बाज़ार, ग्राहक का बाज़ार है । आज ग्राहक की हर बात सही मानी जाती है । व्यवसाय का उद्देश्य ग्राहकों की अधिकाधिक सेवा करना है और उनको अधिकतम संतुष्टि प्रदान करना है । इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए व्यवसायी उच्च किस्म की प्रामाणित वस्तुएँ उचित मूल्य पर कुशलतम विक्रयकर्ताओं के माद्यम से उपलब्ध कराता है । इसके अतिरिक्त वह वस्तुओं की किस्म में निरन्तर सुधार कराने के सम्बंध में सदैव सचेष्ट रहता है ।

---